प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय करतीं प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया।

कबड्डी : छात्रों में सुनील और छात्राओं में विनिता की टीम जीती

तारानगर | राजकीय एमजेडी कॉलेज में खेलकूद सप्ताह के चौथे दिन कबड्डी के मुकाबले हुए। प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने मुकाबलों का शुभारंभ किया। खेलकूद प्रभारी शंकरलाल ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में सुनील कुमार की टीम विजेता और कपिल भाकर की टीम उपविजेता रही। छात्रा वर्ग में विनिता शर्मा की टीम विजेता और पूजा मेघवाल की टीम उपविजेता रही। इस मौके पर हंसराज परिहार, डॉ. वीरेंद्र सिंह मांठ, सरिता, राजेंद्र प्रसाद कस्वा, हरीकृष्ण, छगनदान चारण, अंकिता चौधरी, अनू महला आदि मौजूद थे।

कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

पत्रिका
स्पोर्ट्स
कॉर्नर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

तारानगर. कस्बे के एमजेडी राजकीय महाविद्यालय में खेल विभाग दकी ओर से चल रहे खेल कूद सप्ताह के चौथे दिन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने किया। प्राचार्य बुड़ानिया ने शुभारम्भ के अवसर पर खेल भावना से कबड्डी खेलने के लिये प्रेरित किया। खेल कूद प्रभारी शंकर .लाल ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में टीम सी सुनिल कुमार के नेतृत्व में विजेता तथा टीम बी कपील भाकर के नेतृत्व में उपविजेता रही। छात्रा वर्ग में टीम ए विनिता शर्मा के नेतृत्व में विजेता व टीम बी पूजा मेघवाल के नेतृत्व में उपविजेता रही। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य हसंराज परिहार, डॉ. वीरेन्द्र सिंह मांठ, सरिता, राजेन्द्र प्रसाद कस्वा, हरि कृष्ण, शछगन दान चारण, अंकिता चैधरी, अन्नु महला संकाय सदस्य व महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।